# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

**(Tenth Session)**

**Questions For Written Answers**

## Friday, the 4th December, 2015 / 13th Agrahayana, 1937 (Saka)

----

**[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister - Industries Minister - Urban Development Minister - Excise & Taxation Minister - Social Justice & Empowerment Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister and Cooperation Minister ].**

**Total No. of Questions - 30**

----

### Pending Payments

**1109 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that stadium at Udaipur and Gymnasium at Keylong have been inaugurated;

(b) if yes, how much payment is pending on account of construction of Stadium & Gymnasium till now and since when; and

(c) by when these payments will be made ?

----

### Forest Rights Act

**1110 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that presently many cases are pending for clearance

under Forest Rights Act in District Lahaul & Spiti for construction of Bridges, Roads & Buildings; and

(b) by when these permissions will be granted?

----

## Pending Cases

**1111 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many cases of Forest Voilation are pending in Public Works Department for clearance under FCA; and

(b) by when these cases will have the forest clearance ?

----

## Demarcation of Interstate Boundary

**1112 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the demarcation of interstate boundary of Tehsil Nurpur and State of Punjab has started; and

(b) if yes, whether permanent boundary pillars are being erected on the demarcated area?

----

## Shifting of Office

**1113 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that whether it is a fact that the office of SDO Pollution Control Board functioning at Jassur, Tehsil Nurpur, District Kangra has recently been shifted to Dharamshala; if so, reasons thereof?

----

## धनराशि का हस्तांतरण

1114 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश की वार्षिक योजना में से उपायुक्तों को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत धनराशि हस्तांतरित की जाती है;

(ख) यह भी सत्य है कि यह राशि संबंधित जिलों के विधायकों की विकासात्मक योजनाओं के बजट में से काटी जाती है; यदि हां, तो यह राशि प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के बजट प्रावधान में से कितने प्रतिशत की दर से काटी जाती है; विवरण दें; और

(ग) जिस दर से यह राशि प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के बजट से काटी जाती है क्या यह राशि उपायुक्तों के माध्यम से उसी अनुपात में आबंटित की जाती है; ब्यौरा दें?

----

## Transfer of Employees

1115 **Sh. Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the period from 1-1-2013 to 7-11-2015 how many employees of Government, Corporations and Boards were transferred from one place to another place; details be given year-wise and department-wise;

(b) how much amount was paid by the Government, Corporations and Boards to the employees on account of TA and DA for such transfers;

(c) whether these aforementioned orders were challenged in various Courts/Tribunals by the effected employees; and

(d) if yes, details of counsel fee paid by the each Government Department Corporation/Board be given?

----

## Purchase of Medical Equipments

1116 **Sh. Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) what are the approved sources and procedure for the purchase of

medical equipments in the State under State Government Budget, NHM and RKS;

(b) what is the approved schedule of payment to the suppliers; and

(c) whether it is a fact that Government is not making payments as per schedule and getting medical equipments on exorbitant rates; if yes, reason thereof?

----

## नलकूपों की स्थापना

1117 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्तमान में जिला ऊना में कितने नये नलकूप लगाये गए और इन पर कितना खर्च किया गया; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें?

----

## टी0जी0टी0 की रिक्तियां

1118 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश में टी0जी0टी0 (कला) व (विज्ञान) की कितनी नियुक्तियां की गई; तथा वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा वर्षवार दें ?

----

## केन्द्र से बाढ़ राहत हेतु धनराशि

1119 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2014 -15 में कितनी धनराशि बाढ़ राहत के लिए प्रदेश सरकार को केन्द्र से प्राप्त हुई और इसमें से कितनी धनराशि जिला ऊना के लिए आबंटित की गई; ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार दें?

----

## स्टाफ की नियुक्ति

1120 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि कांगू सब-तहसील की अधिसूचना जारी कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो कब;

(ग) इसमें क्या नायब तहसीलदार व अन्य स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो यह सब-तहसील कब कार्य करना प्रारम्भ करेगी?

----

## भवन निर्माण

1121 **श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य उप-केन्द्र सनाही स्थित भठेड़ा के भवन निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो कब और कितनी; और

(ग) इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## मल-प्रवाह योजना

1122 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)**ः

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुजानपुर शहर हेतु मल-प्रवाह योजना की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

1123 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 1.1.2014 से 7.11.2015 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सुजानपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र की किन-किन सड़कों की DPR तैयार की गई; ब्यौरा सड़कवार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत दी गई सड़कों में से किस-किस की DPR तैयार की गई; और

(ग) कौन-कौन सी सड़कें ऐसी हैं जिनकी DPR बननी शेष है; यह कब तक बनकर तैयार हो जायेगी ?

----

## आयुर्वैदिक औषधालय को शिफ्ट करना

1124 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)ः**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि विकास खण्ड सुजानपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चलोह में आयुर्वैदिक डिस्पेंसरी के भवन का निर्माण 12 वर्ष पूर्व हुआ था परन्तु अभी भी डिस्पेंसरी किराये के भवन में चल रही है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) विभाग कब तक इस डिस्पेंसरी को सरकारी भवन में स्थानान्तरित करने का विचार रखता है ?

----

## कलर जोलना सड़क

1125 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कलर जोलना सड़क के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है और क्या इसकी डी0पी0आर0 तैयार कर ली गई है तथा यह सड़क कब तक बनकर तैयार होगी; और

(ख) कलर जोलना में जो निजी क्रैशर लग रहा है उसके लिए लोक निर्माण विभाग सड़क बना रहा है क्या उस सड़क के लिए विभाग ने अन्य विभागों से स्वीकृति ले ली है और इस सड़क के लिए सरकार ने कितनी धनराशि स्वीकृत की है ?

----

## मल-प्रवाह योजना

1126 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात के अंतर्गत नगर पंचायत चुवाड़ी की मल-प्रवाह योजना के लिए 412.93 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत है; और

(ख) यदि हां, तो यह धनराशि इस योजना के निर्माण हेतु कब तक खर्च कर दी जाएगी?

----

## अधिसूचना अनुरूप वेतन

1127 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

दिनांक 1.10.2013 को प्रदेश में पुलिस विभाग के अन्तर्गत कांस्टेबल की भर्ती की गई थी

और उनके  नियुक्ति पत्र के अनुसार उनका मासिक वेतन दो वर्ष के कार्यकाल के बाद 10300-34800 पे बैंड+3200 (ग्रेड पे) होना चाहिए था परन्तु दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं अभी तक उन्हें 10300-34800 पे बैंड+3200 (ग्रेड पे) का वेतन नहीं दिया गया है; ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

## तस्करी के मामले

1128 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1.1.2014 से 7.11.2015 तक प्रदेश में नशीले पदार्थों के सेवन व तस्करी के कितने मामले दर्ज़ किये गये; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) इनकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

1129 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में जिला सिरमौर में स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों, पैरा-मैडिकल व अन्य स्टाफ के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रवार दें; और

(ख) गत 3 वर्षों में जिला सिरमौर में Outsourcing, Rogi Kalyan Samiti व अन्य सोसाइटियों के माध्यम से कितने-कितने पद कब-कब भरे गए; ब्यौरा उनके नाम व पते सहित दें ?

----

## शिक्षण संस्थानों में रिक्तियां

1130 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में जिला सिरमौर के अन्तर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में अध्यापकों एवं अन्य के कितने -कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा ब्लॉकवार दें; और

(ख) भरे हुए पदों में से कौन-कौन से पद SMC, PTA, Outsourcing या अन्य माध्यम से भरे गये हैं; ब्यौरा दें?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

1131 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में जिला सिरमौर के अन्तर्गत कितने नए विद्यालय विभिन्न स्तरों पर खोले गए या स्तरोन्नत किए गए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) नए खोले गए या स्तरोन्नत किए गए विद्यालयों में कितना स्टाफ उपलब्ध कराया गया और कितने विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया; ब्यौरा दें?

----

## सिंचाई/पेयजल योजनाएं

1132 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत SCSP के अन्तर्गत कितनी सिंचाई एवं पेयजल योजनाएं स्वीकृत की गई; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) SCSP के अन्तर्गत डाली गई इन योजनाओं हेतु कितने-कितने बजट का प्रावधान किया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## भवनों का निर्माण

1133 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत दो वर्षों में चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत कितने अस्पताल, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों का निर्माण किया गया;

(ख) उन पर कितना-कितना व्यय किया गया तथा किस-किस योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य किया गया; ब्यौरा स्वास्थ्य केन्द्रवार दें; और

(ग) वर्तमान में कितने भवनों का निर्माण प्रगति पर है तथा कितनों का प्रस्तावित है?

----

## कार्य की अदायगी

1134 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत एक वर्ष में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मनरेगा में कार्य कर रहे व्यक्तियों को क्या उन द्वारा किए गए कार्य की अदायगी कर दी गई है; और

(ख) यदि नहीं, तो कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा पंचायतवार दें?

----

## बाइपास का निर्माण

1135 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य हैं कि चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत नेरवा बाजार में ट्रैफिक जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार जाम के दृष्टिगत नेरवा में बाइपास बनाने का विचार रखती है ?

----

## बस अड्डे का निर्माण

1136 **श्री किरनेश जंग (पांवटा साहिब)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि 2013 में पांवटा-साहिब में नया बस स्टैंड बनाने का निर्णय लिया गया था; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक कर दिया जायेगा?

----

## गुज्जरों का पुनर्वास

1137 **श्री किरनेश जंग (पांवटा साहिब)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि कर्नल शेर जंग नैशनल पार्क  पांवटा साहिब के जंगल में जो गुज्जर रह रहे हैं; उन्हें वहां से निकाला जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उन्हें उत्तराखण्ड राज्य की तर्ज पर भूमि पट्टे पर देकर या किसी दूसरी जगह इनका पुनर्वास करने का विचार रखती है?

----

## वन अधिनियम में संशोधन

1138 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा वन भूमि लीज़ पर देने के संबंध में वन अधिनियम में कोई संशोधन किया है;

(ख) यदि हां, तो संशोधन की प्रति सदन के पटल पर रखें; और

(ग) प्रदेश सरकार द्वारा इस संशोधन के उपरान्त कितनी-कितनी भूमि किस-किस व्यक्ति/संस्था को किस प्रयोग के लिए लीज़ पर दी है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 23 नवम्बर, 2015.** **सचिव।**